दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　कक्षा : सप्तमी

पाठ/प्रकरण का नाम :	आश्रम का अनुमानित व्यय	**समयावधि :**	40 मिनट
विद्यार्थी का नाम :	-------------------------------------	**पूर्णांक :**	20 अंक
अनुक्रमांक (रोल नं.) :	....	**दिनांक :**	....../....../..........

निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|
3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

प्र. गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

आरंभ में संस्था(आश्रम)में चालीस लोग होंगे | कुछ समय में इस संख्या के पचास हो जाने की संभावना है हर महीने औसतन दस अतिथियों के आने की संभावना है | इनमें तीन या पाँच सपरिवार होंगे, इसलिए स्थान की व्यवस्था होनी चाहिए की परिवार वाले लोग अलग रह सकें और शेष एक साथ |

कम -से -कम पाँच एकड़ जमीन खेती करने के लिए चाहिए, जिसमें कम-से -कम तीस लोग काम कर सकें, इतनें खेती के औज़ार चाहिए | इनमें कुदालियों, फावड़ों और खुरपों की जरूरत होगी |

1 आश्रम मे आरंभ में कितने लोग होंगे?

(क) चालीस

(ख) बीस

(ग) दस

(घ) पचास

(1) क और ख　　　　(2) सिर्फ क

(3) क और ग　　　　(4) ख और घ

2. आश्रम में औजारों की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है ? 1

(1) ताकि लोग आत्मनिर्भर बनें

(2) ताकि लोग स्वार्थी बनें

(3) ताकि आश्रम के छोटे-मोटे काम स्वयं करें

(4) दूसरों पर निर्भर रहें

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?

(क) कथन 1 एवं 2　　　　(ख) कथन 2 एवं 3

(ग) कथन 1 एवं 3　　　　(घ) कथन 3 एवं 4

3. खेती हेतु ....कितनी जमीन का अनुमान लगाया गया था ? 1

(क) सात एकड़ (ख) चार एकड़ (ग) आठ एकड़ (घ) पाँच एकड़

4. सपरिवार रहने वाले अतिथि की संख्या आश्रम में कितनी होगी? 1

(क) 2 (ख) 3 (ग) 5 (घ) 3 से 5

5. 'दस अतिथि' शब्द में कौन सा विशेषण है ? 1

(क) गुणवाचक विशेषण (ख) संख्यावाचक विशेषण

(ग) परिमाणवाचक (घ) सार्वनामिक विशेषण

(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)

6. निम्नलिखित में कौन-सा शब्दार्थ युग्म गलत है ? 1

(क) इंतजाम - प्रबंध

(ख) व्यय - खर्च

(ग) बोझ - भार

(घ) मदें - कमी

7. नीचे दिए शब्द -समूहों में समस्त-पदों का कौन - सा विकल्प सही है? 1

(क) गाय के लिए शाला i स्नानघर

(ख) स्नान के लिए घर ii रसोईघर

(ग) अन्न का दान iii गौशाला

(घ) रसोई के लिए घर iv अन्नदान

(क) 1-iii , 2- I , 3-iv , 4-ii

(ख) 1-ii , 2-iii , 3-I , 4-iv

(ग) 1-iv , 2-ii , 3-ii , 4-i

(घ) 1-ii , 2-iii , 3-I , 4-i

8. निम्नलिखित शब्दों में 'इक प्रत्यय से जुड़ा हुआ शब्द है - 1

(क) प्राथमिक (ख) नैतिक

(ग) क एवं ख दोनों (घ) प्रकृति

(वर्णनात्मक प्रश्न)

9. आश्रम में खेती के लिए कितनी जमीन की आवश्यकता हुई ? 2

उत्तर:--

----

10. इस पाठ में गांधीजी ने किन किन बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए हैं ? 2

उत्तर:--

----

11. आश्रम में हर महीने कितने अतिथियों के आने की संभावना रहती थी ? 2

उत्तर:--

----

12. गांधी जी आश्रम के माध्यम से भारतवासियों को क्या सिखाना चाहते थे ? 2

उत्तर:--

(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)

13. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि गांधी जी द्वारा आश्रम संबंधी दृष्टिकोण-व्याहारिक था? स्पष्ट कीजिए| 4

उत्तर:--

उत्तरमाला

प्रश्न	दक्षता/उद्देश्य	उत्तर	
		(बहुविकल्पीय प्रश्न)	
1.	**विश्लेषण और तर्क क्षमता**	उत्तर:- (2) सिर्फ क	1
2.	**अवबोध**	उत्तर:(ग)कथन 1 एवं	1
3.	**पठित पाठ की समझ**	(घ)पाँच एकड़	1
4.	**चिंतन एवं तार्किकता**	उत्तर:- (घ)3 से 5	1
5.	**अवबोध**	(ख)संख्यावाचक विशेषण	1
		(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)	
6.	**अनुप्रयोग**	(घ)मदें कमी	1
7.	**अनुप्रयोग**	(क)उत्तर:- 1-iii , 2- I , 3-iv , 4-ii	1
8.	**अनुप्रयोग**	(ग)क एवं ख दोनों	1
		(वर्णनात्मक प्रश्न)	
9.	**अनुप्रयोग**	उत्तर:- आश्रम में खेती के लिए कम से कम पांच एकड़ जमीन की आवश्यकता हुई |	2
10.	**अनुप्रयोग**	उत्तर:-अतिथि सत्कार , जरूरतमंदों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना, बेकार लोगों को आजीविका प्रदान करना, श्रम का महत्त्व समझाना, कुटीर उद्दोगों को बढ़ावा देना, चरखे आदि से स्वदेशी आन्दोलन को आगे बढ़ाना |	2
11.	**अनुप्रयोग**	उत्तर:- आश्रम में हर महीने औसतन दस अतिथियों के आने की संभावना रहती थी |	2
12.	**अनुप्रयोग**	उत्तर:- गांधी जी आश्रम के माध्यम से भारतवासियों को अहिंसा, सत्य, आत्म-अनुशासन और सामुदायिक जीवन के बारे में सीख दे सकते थे ?	2
		(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)	
13.	**सृजनात्मकता**	उत्तर:-हाँ, मैं इस बात से सहमत हूँ की गांधी का आश्रम संबंधी दृष्टिकोण व्यावहारिक था | वे स्वावलंबन पर जोर देते थे, अत: खर्च को न्यूनतम बनाने का प्रयास किया गया है | ऐसा उन्होंने संभव कर दिया था |	4